**ओ. एस. डी. ए.वी. पब्लिक स्कूल, कैथल**

**मई परीक्षा, 2024**

**कक्षा : नौंवी**

**विषय: हिंदी** Set- A

**विद्यार्थी का नाम.......................................** **सैक्शन.....................** **अनुक्रमांक...........**

**समय: 35 मिनट** **कुलांक: 30**

**सामान्य निर्देश: सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।**

| | | |
|---|---|---|
| प्रश्न 1 | **निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उस पर आधारित प्रश्नों के सही विकल्प चुनिए:**<br>संसार में अमरता ऐसे ही लोगों को मिलती है जो अपने पीछे कुछ आदर्श छोड़ जाते हैं, जिनका स्थायी मूल्य होता है। अधिकतर यही देखा गया है कि ऐसे व्यक्ति संपन्न परिवार में बहुत कम पैदा होते हैं। अधिकांश ऐसे लोगों का जन्म मध्यम वर्ग या गरीब परिवारों में ही होता है।मनुष्य में विनय, उदारता, कष्ट-सहिष्णुता, साहस आदि चारित्रिक गुणों का विकास अत्यावश्यक है। ये गुण व्यक्ति के जीवन को अहंकारहीन तथा सादा-सरल बनाते हैं। जीवन में सादगी लाने के लिए दो बातें विशेष रूप से करणीय है-प्रथम कठिन से कठिन परिस्थितियों में धैर्य को न छोड़ना, द्वितीय अपनी आवश्यकताओं को न्यूनतम बनाना। सादगी का विचारों से भी घनिष्ठ संबंध है। हमें सादा जीवन व्यतीत करना चाहिए और अपने विचारों को उच्च बनाए रखना चाहिए। व्यक्ति की सच्ची पहचान उसके विचारों और करनी से होती है। मनुष्य के विचार उसके आचरण पर प्रभाव डालते हैं और उसके विवेक को जाग्रत रखते हैं। विवेकशील व्यक्ति ही अपनी आवश्यकताओं को सीमित रखता है। सादा जीवन व्यतीत करने वाले व्यक्ति को भी कभी हतप्रभ होकर अपने आत्मसम्मान पर आँच नहीं आने देनी चाहिए। सादगी मनुष्य के चरित्र का अंग है वह बाहरी चीज नहीं है।<br>1. **संसार में कौन लोग अमर हो पाते हैं?**<br>(क) जिनकी कभी मृत्यु नहीं होती। (ख) जो गरीब परिवार में जन्म लेते हैं।<br>(ग) जो अपने पीछे कुछ आदर्श छोड़ जाते हैं। (घ) इनमें से कोई नहीं।<br>**2. संसार में जो अमरत्व प्राप्त करते हैं, उनमें से अधिकांश का जन्म प्रायः कहां होता है?**<br>(क) संपन्न परिवार में होता है। (ख) उच्च जाति में होता है।<br>(ग) मध्यम वर्ग या गरीब परिवार में होता है। (घ) इनमें से कोई नहीं।<br>**लघुत्तरीय प्रश्नोत्तर-**<br>3.**चारित्रिक गुणों के विकास के लिए कौन-कौन से गुण आवश्यक हैं?**<br>..........................................................................................................<br>4. **जीवन में सादगी लाने के लिए कौन-सी दो बातें करणीय हैं?**<br>.......................................................................................................... | 1×4 |
| | **(व्यावहारिक व्याकरण)** | |
| प्रश्न 2 | **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार लिखिए:-**<br>1.**'अप'** उपसर्ग लगाकर दो शब्द बनाइए। .................. ...................<br>2. **'निर्गुण'** शब्द में उपसर्ग व मूल शब्द अलग कीजिए। ..................................... | 2 |
| प्रश्न 3 | **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार लिखिए:-**<br>1 **'ईय'** प्रत्यय जोड़कर दो शब्द बनाइए। .................. ..................<br>2 **'नागरिक'** शब्द में मूल शब्द व प्रत्यय अलग कीजिए।.......................................................... | 2 |

| | | |
|---|---|---|
| प्रश्न 4 | **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार लिखिए**<br>1 **'पंचतंत्र'** पद का विग्रह करके समास का नाम बताइए।<br>…………………………………………………………<br>2 **'शक्ति के अनुसार'** समस्तपद बनाकर समास का नाम लिखिए।<br>………………………………………………………… | 1<br>1 |
| प्रश्न 5 | **निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्पों का चयन कीजिए:-**<br>मोको कहां ढूंढे बंदे ,मैं तो तेरे पास में ।<br>ना मैं देवल ना मैं मस्जिद ना काबे कैलास में।<br>ना तो कौने क्रिया कर्म में, नहीं योग बैराग में ।<br>खोजी हुए तो तुरतै मिलिहौं, पल भर की तालास में।<br>कहैं कबीर सुनो भाई साधो, सब स्वाँसों की स्वाँस में।<br>**(1) प्रस्तुत काव्यांश में 'मैं' शब्द का प्रयोग किसके लिए किया गया है?**<br>(क)लोगों के लिए (ख)भक्तों के लिए (ग)भगवान के लिए (घ) संसार के लिए<br>**(2) लोग प्राय: ईश्वर को कहां-कहां ढूंढते हैं?**<br>(क) सभी स्थानों पर (ख)कुछ विशेष स्थानों पर (ग) तीर्थ स्थानों पर (घ)अपने-अपने घरों में<br>**(3) प्रभु को कैसे प्राप्त किया जा सकता है?**<br>(क) सदा उनका नाम जपने से (ख)भक्ति का दिखावा करने से<br>(ग)सच्चे मन से तलाश करने पर (घ)अधिक चढ़ावा चढ़ाने से<br>**(4) ईश्वर को कहां ढूंढना चाहिए ?**<br>(क)अपने भीतर (ख)अपने घर के भीतर (ग)पहाड़ों पर (घ)पवित्र स्थलों पर<br>(5) **उपर्युक्त पद्यांश के कवि एवं कविता का नाम लिखिए ।**<br>……………………………………………………………………… | 5 |
| प्रश्न 6 | **निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के सही विकल्प चुनिए:-**<br>एक सप्ताह तक दोनों मित्र वहाँ बँधे पड़े रहे। किसी ने चारे का एक तृण भी न डाला। हाँ, एक बार पानी दिखा दिया जाता था। यही उनका आधार था। दोनों इतने दुर्बल हो गए थे कि उठा तक न जाता था, ठठरियाँ निकल आई थीं। एक दिन बाड़े के सामने डुग्गी बजने लगी और दोपहर होते-होते वहाँ पचास-साठ आदमी जमा हो गए। तब दोनों मित्र निकाले गए और उनकी देखभाल होने लगी। लोग आ-आकर उनकी सूरत देखते और मन फीका करके चले जाते। ऐसे मृतक बैलों का कौन खरीददार होता ?<br>**1. दोनों मित्र एक सप्ताह तक कहाँ बँधे पड़े रहे?**<br>(क) गया के घर में (ख) गाँव के बाहर एक पीपल के पेड़ के नीचे<br>(ग) काँजीहौस में (घ) उपरोक्त सभी कथन सही हैं<br>**2. बाड़े के सामने डुग्गी बजने का क्या कारण था?**<br>(क) वहाँ तमाशा होने वाला था। (ख) पशुओं की नीलामी शुरू होने की सूचना देने के लिए<br>(ग) पशुओं के मरने की सूचना देने के लिए। (घ) जानवरों के काँजीहौस से भागने के कारण<br>**3. काँजीहौस में बंद पशुओं के जीवन का क्या आधार था**<br>(क) उन्हें दिन में एक बार दिया जाने वाला पानी। (ख) उन्हें दिन में एक बार दिया जाने वाला चारा<br>(ग) उन्हें दिया जाने वाला स्वादिष्ट भोजन। (घ) इनमें से कोई नहीं<br>**4. काँजीहौस में बंद हीरा-मोती की क्या दशा हो गई थी?**<br>(क) दोनों बहुत दुर्बल हो गए थे। (ख) उनकी ठठरियाँ निकल आई थीं।<br>(ग) उनसे उठा भी नहीं जाता था। (घ) उपरोक्त सभी कथन सही है।<br>**(5) उपर्युक्त गद्यांश के लेखक एवं पाठ का नाम लिखिए ।**<br>……………………………………………………………………………………… | 5 |

ओ. एस. डी. ए.वी. पब्लिक स्कूल, कैथल
मई परीक्षा, 2024
कक्षा : नौंवी
विषय: हिंदी Set- B

समय: 35 मिनट कुलांक: 30

सामान्य निर्देश: सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

| | | |
|---|---|---|
| प्रश्न 1 | **निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उस पर आधारित प्रश्नों के सही विकल्प चुनिए:**<br>संसार में अमरता ऐसे ही लोगों को मिलती है जो अपने पीछे कुछ आदर्श छोड़ जाते हैं, जिनका स्थायी मूल्य होता है। अधिकतर यही देखा गया है कि ऐसे व्यक्ति संपन्न परिवार में बहुत कम पैदा होते हैं। अधिकांश ऐसे लोगों का जन्म मध्यम वर्ग या गरीब परिवारों में ही होता है।मनुष्य में विनय, उदारता, कष्ट-सहिष्णुता, साहस आदि चारित्रिक गुणों का विकास अत्यावश्यक है। ये गुण व्यक्ति के जीवन को अहंकारहीन तथा सादा-सरल बनाते हैं। जीवन में सादगी लाने के लिए दो बातें विशेष रूप से करणीय है-प्रथम कठिन से कठिन परिस्थितियों में धैर्य को न छोड़ना, द्वितीय अपनीआवश्यकताओं को न्यूनतम बनाना। सादगी का विचारों से भी घनिष्ठ संबंध है। हमें सादा जीवन व्यतीत करना चाहिए और अपने विचारों को उच्च बनाए रखना चाहिए। व्यक्ति की सच्ची पहचान उसके विचारों और करनी से होती है। मनुष्य के विचार उसके आचरण पर प्रभाव डालते हैं और उसके विवेक को जाग्रत रखते हैं। विवेकशील व्यक्ति ही अपनी आवश्यकताओं को सीमित रखता है। सादा जीवन व्यतीत करनेवाले व्यक्ति को भी कभी हतप्रभ होकर अपने आत्मसम्मान पर आँच नहीं आने देनी चाहिए। सादगी मनुष्य के चरित्र का अंग है वह बाहरी चीज नहीं है।<br>**बहुविकल्पीय प्रश्नोत्तर–**<br>**1.चारित्रिक विकास के लिए निम्नलिखित में से कौन-सा गुण आवश्यक नहीं है?**<br>(क) विनय (ख) कष्ट-सहिष्णुता (ग) गरीब होना (घ) साहस<br>**2. सादगी का संबंध निम्नलिखित में से किसके साथ है?**<br>क) गरीबी से (ख) इच्छा से (ग) विचारों से (घ) सादा वस्त्र पहनने से<br>**लघुत्तरीय प्रश्नोत्तर-**<br>**3.संसार में अमरता किन लोगों को मिलती है तथा ऐसे लोगों का जन्म प्रायः किन परिवारों में होता है?**<br>..........................................................................................................<br>**4.व्यक्ति की सच्ची पहचान किस बात से होती है और क्यों?**<br>.......................................................................................................... | |
| | **(व्यावहारिक व्याकरण)** | |
| प्रश्न 2 | **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार लिखिए:-**<br>**1 'अधि' उपसर्ग से दो शब्द बनाइए।** .......................... ..............................<br>**2 'निर्जन' शब्द में मूल शब्द व उपसर्ग अलग कीजिए।** .................. .......................... | 2 |
| प्रश्न 3 | **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार लिखिए:-**<br>**1 'ईन'प्रत्यय जोड़कर दो शब्द बनाइए।** .......................... .............................<br>**2 'सामाजिक' शब्द में मूल शब्द व प्रत्यय अलग कीजिए।**.................. ............................. | 2 |
| प्रश्न 4 | **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार लिखिए:-**<br>**1 'नवग्रह' पद विग्रह का करके समास का नाम लिखिए।**................................... ..............<br>**2 'नीली है जो गाय' समस्त पद बनाकर समास का नाम लिखिए।**.................... ............... | 2 |

| | | |
|---|---|---|
| प्रश्न 5 | **निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्पों का चयन कीजिए:-**<br>मोको कहां ढूंढे बंदे ,मैं तो तेरे पास में ।<br>ना मैं देवल ना मैं मस्जिद ना काबे कैलास में।<br>ना तो कौने क्रिया कर्म में, नहीं योग बैराग में ।<br>खोजी हुए तो तुरतै मिलिहौं, पल भर की तालास में।<br>कहैं कबीर सुनो भाई साधो, सब स्वाँसों की स्वाँस में।<br>**(1) प्रस्तुत काव्यांश में 'मोको' शब्द का प्रयोग किसके लिए किया गया है?**<br>(क)लोगों के लिए (ख)भक्तों के लिए (ग)भगवान के लिए (घ) संसार के लिए<br>**(2) लोग प्राय: ईश्वर को कहां-कहां ढूंढते हैं?**<br>(क) सभी स्थानों पर (ख)कुछ विशेष स्थानों पर (ग)तीर्थ स्थानों पर (घ)अपने-अपने घरों में<br>**(3)प्रभु को कैसे प्राप्त किया जा सकता है?**<br>(क) सदा उनका नाम जपने से (ख)भक्ति का दिखावा करने से<br>(ग)सच्चे मन से तलाश करने पर (घ)अधिक चढ़ावा चढ़ाने से<br>**(4)' मैं तो तेरे पास में'- इस पंक्ति के माध्यम से कवि क्या कहना चाहते हैं?**<br>(क) ईश्वर हर प्राणी के साथ है। (ख) वह हर प्राणी के ह्रदय में समाया हुआ है।<br>(ग) वह सुख -सुविधाओं में वास करता है। (घ)वह आसानी से मिल जाता है। | 5 |
| प्रश्न 6 | **निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के सही विकल्प चुनकर लिखिए:-**<br>चार-पाँच बजे के करीब मैं गाँव से मील भर पर था, तो सुमति इंतजार करते हुए मिला। मंगोलों का मुँह वैसे ही लाल होता है और अब तो वह पूरे गुस्से में था। उन्होंने कहा- "मैंने दो टोकरी कंडे फूँक डाले, तीन-तीन बार चाय को गरम किया" मैंने बहुत नरमी से जवाब दिया-लेकिन मेरा कसूर नहीं है मित्र ? देख नहीं रहे हो कैसा घोड़ा मुझे मिला है, मैं तो रात तक पहुँचने की उम्मीद रखता था।'<br>1. **यह गद्यांश किस पाठ से लिया गया है और इसके लेखक कौन हैं?**<br>(क) ल्हासा की ओर, लेखक- श्यामाचरण दुबे (ख) मेरी तिब्बत यात्रा, लेखक- राहुल सांकृत्यायन<br>(ग) ल्हासा की ओर, लेखक- राहुल सांकृत्यायन (घ) मेरे बचपन के दिन, लेखिका - महादेवी वर्मा<br>**2 सुमति कौन था?**<br>(क) लेखक परिचित। (ख) सामान ढोने वाला भरिया<br>(ग) एक बौद्ध भिक्षु और लेखक का मित्र (घ) इनमें से कोई नहीं<br>**3 सुमति गुस्से में क्यों था ?**<br>(क) वह लेखक की बहुत देर से प्रतीक्षा कर रहा था। (ख) उसे भूख लग रही थी।<br>(ग) लेखक की प्रतीक्षा करते-करते उसे नींद आ रही थी। (घ) वह तीन-चार बार दूध गरम कर करके ऊब चुका था<br>**4. लेखक ने अपनी देरी से आने का क्या कारण बताया ?**<br>(क) उसका घोड़ा बहुत सुस्त था। (ख) उसका घोड़ा घायल हो गया था।<br>(ग) उसके साथी उसे छोड़कर चले गए थे। (घ) इनमें से कोई नहीं | |

**ओ एस डी ए वी पब्लिक स्कूल,कैथल**

**जनवरी परीक्षा(PT1May2024)**

**विषय: हिंदी**

**कक्षा : नौवीं**

**Set A**

M.M 20

| प्रश्न | अपेक्षित मूल्यांकन बिंदु | अंक |
|---|---|---|
| 1 | (1)(ग) जो अपने पीछे कुछ आदर्श छोड़ जाते हैं<br>(2)(ग) मध्यम वर्ग या गरीब परिवार में होता है<br>(3) मनुष्य में विनय, उदारता , सहिष्णुता, साहस आदि गुण आवश्यक होते हैं।<br>(4) कठिन से कठिन परिस्थितियों में धैर्य को ना छोड़ना दूसरा अपनी आवश्यकताओं को न्यूनतम बनाना। | 1×4=4 |
| 2 | 1 अपमान, अपशगुन ,अपशब्द आदि<br>2निर्+गुण | 2 |
| 3 | (1) भारतीय, स्थानीय,राष्ट्रीय ,मानवीय आदि<br>(2) नगर+इक | 2 |
| 4 | (1) पांच तंत्रों का समूह –द्विगु समास<br>(2) यथाशक्ति– अव्ययीभाव समास | 2 |
| 5 | (1)(ग) भगवान के लिए<br>(2) (ग) तीर्थ स्थानों पर<br>(3)(ग सच्चे मन से तलाश करने पर)<br>(4)(क) अपने भीतर<br>(5) कवि कबीर , कविता सबद | 5 |
| 7 | (1) (ग) कांजीहौस<br>(2) (ख) पशुओं की नीलामी शुरू होने की सूचना देने के लिए<br>(3)(क) उन्हें दिन में एक बार दिया जाने वाला पानी<br>(4) (घ) सभी कथन सही है<br>(5) पाठ- दो बैलों की कथा, लेखक- मुंशी प्रेमचंद | 5 |
| | | |

**ओ एस डी ए वी पब्लिक स्कूल,कैथल**

**जनवरी परीक्षा(PT1May2024)**

**विषय: हिंदी**

**कक्षा : नौवीं**

**Set B**

M.M 20

| प्रश्न | अपेक्षित मूल्यांकन बिंदु | अंक |
|---|---|---|
| 1 | (1)(ग) गरीब होना<br>(2)(ग) विचारों से<br>(3) जो अपने पीछे कुछ आदर्श छोड़ जाते हैं ऐसे लोग गरीब घरों में पैदा होते हैं।<br>(4) विचारों और करनी से क्योंकि मनुष्य के विचार ही उसके आचरण में प्रभाव डालते हैं। | 1×4=4 |
| 2 | 1 अध्यक्ष ,अध्यात्म ,अध्यापकआदि<br>2निर्+जन | 2 |
| 3 | (1) नमकीन ,रंगीन आदि<br>(2) समाज+इक | 2 |
| 4 | (1) नौ ग्रहों का समूह –द्विगु समास<br>(2) नीलगाय – कर्मधारय समास | 2 |
| 5 | (1)(ग) भगवान के लिए<br>(2) (ग) तीर्थ स्थानों पर<br>(3)(क) मुसलमान का पवित्र स्थान<br>(4)(ख) वह हर प्राणी के हृदय में समाया हुआ है<br>(5) कवि कबीर , कविता सबद | 5 |
| 7 | (1) (ग) ल्हासा की ओर, लेखक राहुल सांकृत्यायन<br>(2) (ख) एक बौद्ध भिक्षु और लेखक का मित्र<br>(3)(क) वह लेखक की बहुत देर से प्रतीक्षा कर रहा था<br>(4) (क) उसका घोड़ा सुस्त था<br>(5) (ग) चार - पांच बजे | 5 |
| | | |